5:17-25

प्राचीनों का आदर

1 तीमुथियुस के बाद के हिस्से में लोगों से व्यवहार करने पर जोर दिया गया है। पौलुस ने 5:1-16 में विधवाओं की सहायता करने पर चर्चा की। 5:17 में, वह प्राचीनों से व्यवहार करने के बारे में बताया। "प्राचीन" कलीसिया के अध्यक्ष पद के लिए दिया गया एक दूसरा नाम है (देखें 3:1-7; तीतुस 1:5, 7)। जबकि अध्याय 3 में अध्यक्षों/प्राचीनों के लिए योग्यता की एक सूची थी, अध्याय 5 में कलीसिया के इन अगुवों के साथ तीमुथियुस के सम्बन्ध के बारे में व्यावहारिक सुझाव है।

जैसा कि हम 5:17-25 का अध्ययन करते हैं, तो इस बात को ध्यान में रखना उचित है कि इफिसुस के कुछ झूठे शिक्षक प्राचीन थे (देखें प्रेरितों 20:17, 29, 30)। या फिर इतना तो अवश्य था कि, उनमें से कुछ शायद प्राचीन होना चाहते थे (देखें 1 तीमु. 1:7)। हमें यह भी याद रखना होगा कि तीमुथियुस की स्थिति हमारे जैसी बिल्कुल नहीं थी। वह पौलुस का प्रतिनिधि था। फिर भी, हम अभी भी प्राचीनों के साथ व्यवहार करने के तरीके के बारे में कई बुनियादी सिद्धान्तों को प्राप्त कर सकते हैं। सामान्यतः हम लोगों के साथ-साथ विशेष रूप से साथी मसीहियों के साथ व्यवहार करने के तरीके के बारे में नए नए विचार प्राप्त कर सकते हैं।

आदर के साथ (5:17, 18)

[17]जो प्राचीन अच्छा प्रबन्ध करते हैं, विशेष करके वे जो वचन सुनाने और सिखाने में परिश्रम करते हैं, दो गुने आदर के योग्य समझे जाएँ। [18]क्योंकि पवित्रशास्त्र कहता है, "दाँवनेवाले बैल का मुँह न बाँधना," क्योंकि "मजदूर अपनी मजदूरी का हक्कदार है।"

आयत 17. पौलुस इस बात को लिखते हुए शुरुआत करता है, **जो प्राचीन अच्छा प्रबन्ध करते हैं, विशेष करके वे जो वचन सुनाने और सिखाने में परिश्रम करते हैं, दो गुने आदर के योग्य समझे जाएँ।** "प्राचीनों" (πρεσβύτερος, *प्रेस्बुटेरोस* का बहुवचन) कलीसिया की रखवाली करने वालों की भूमिका के लिए नए नियम में उपयोग किया जाने वाला सबसे साधारण शब्द है। इस शब्द का अर्थ है "बूढ़े मनुष्य," परन्तु उम्र अधिक होने पर अधिक जोर नहीं दिया जाता है

क्योंकि यह आत्मिक परिपक्वता पर निर्भर होता है। 1 तीमुथियुस में इस तरह के नेतृत्व की स्थिति रखनेवाले पदनाम का यह पहला उपयोग है।[1]

पौलुस उन प्राचीनों के बारे में बात कर रहा था जो "अच्छा प्रबन्ध करते हैं।" शब्द "प्रबन्ध करते हैं" (προΐστημι, *प्रोइस्तेमी)* और "अच्छा" (καλῶς, *कालोस)* के उपयोग अध्याय 3 में किया गया था, जहाँ उनका अनुवाद "अच्छा प्रबन्ध करता हो" (3:4) किया गया था। घर का प्रबन्ध करने के सन्दर्भ में इस शब्द का उपयोग किया गया था; यहाँ, वे मण्डली के प्रबन्ध का उल्लेख करते हैं। एक अन्य अनुवाद इसे "कलीसिया के मामलों का निर्देशन अच्छा करते हैं" लिखता है। शब्द "अच्छा प्रबन्ध करता हो" को हमारे मन में रेखांकित किया जाना चाहिए। प्राचीन सिर्फ कलीसिया के काम की रखवाली के लिए जिम्मेदार नहीं होते हैं; परमेश्वर चाहता है कि वे अपना काम अच्छी तरह से करें।

पौलुस "विशेष करके" "वे जो वचन सुनाने[2] और सिखाने में परिश्रम करते हैं" को ध्यान में रखता था। इसका तात्पर्य यह नहीं है कि प्राचीनों में से केवल कुछ ही सिखाते थे। सिखाने में योग्य होना अध्यक्ष के योग्यताओं में से एक है (3:2)।[3] बल्कि, आयत हमें बताती है कि, चरवाहों के रूप में उनकी भूमिका के अलावा, कुछ प्राचीनों ने वचन सुनाने और सिखाने को अपनी सेवकाई का एक बड़ा हिस्सा बनाया था।[4]

वाक्यांश "परिश्रम करते हैं" उनकी एक दूसरी योग्यता को बताता है। यह κοπιάω *(कोपिओ)* से आता है, जिसका अर्थ है "स्वयं के बल का प्रयोग . . . , कड़ा परिश्रम करना, कष्ट उठाना, प्रयास, संघर्ष करना," चिन्ता करते हुए परिश्रम करना।[5] एक बार पहले भी हमने अपने अध्ययन में इस शब्द को देखा है; 4:10 में यह सुसमाचार को फैलाने में पौलुस के प्रयासों पर लागू होता है। परमेश्वर प्राचीनों के अधूरे मन से परिश्रम करने को नहीं चाहता, परन्तु मसीह के कारण एक पूर्ण मन से समर्पण को चाहता है।

जो प्राचीन अच्छा प्रबन्ध करते और वचन सुनाने और सिखाने में परिश्रम करते हैं, "दो गुने आदर के योग्य समझे जाएँ।" "आदर" के लिए यूनानी शब्द τιμή *(टीमे)* है। इससे सम्बन्धित क्रिया τιμάω *(टीमाओ)* 5:3 में पाया जाता है, जहाँ हमने सुझाव दिया कि यह सम्मान और आर्थिक सहायता दोनों को संदर्भित करता है।[6] "दो गुने" διπλοῦς (*डिपलौस,* "दो गुना")[7] से आता है, परन्तु इस आयत में इसका क्या अर्थ है?

कई व्याख्याओं का सुझाव दिया गया है। कुछ लोग सोचते हैं कि "दो गुना आदर" अर्थात् "दो बार देने" के बराबर (अर्थात्, जितना विधवाओं को दोगुना दिया जाता है)। एक अन्य अनुवाद इसे "दो गुना प्राप्त करते हैं" लिखता है। दूसरों का मानना है कि पौलुस के शब्दों को सम्मान की अवधारणा तक ही सीमित किया जाना चाहिए। उदाहरण के रूप में, कुछ ने प्रस्ताव दिया है कि वाक्यांश जिस आदर की चर्चा करता है वह बूढ़ों को उनके उम्र के कारण प्राप्त होना चाहिए (देखें 3:1) और यह सम्मान उन्हें मण्डली के अगुवा होने के रूप में प्राप्त करना चाहिए (1 थिस्स. 5:12, 13)। एक और विचार यह है कि जिस आदर की

यह बात करता है उसे हमें प्राचीनों को देना है और यही आदर जो वे परमेश्वर से प्राप्त करेंगे (देखें 1 पतरस 5:1, 4)।

आयत 18. पौलुस ने समझाया कि "दो गुना आदर" वाक्यांश में आर्थिक सहायता शामिल है: **क्योंकि पवित्रशास्त्र कहता है, "दाँवनेवाले बैल का मुँह न बाँधना," क्योंकि "मजदूर अपनी मजदूरी का हक्कदार है।"** पहला उद्धरण व्यवस्थाविवरण 25:4 से लिया गया है। यह आर्थिक सहायता दिए जाने वाले प्रचारकों के अधिकार के बारे में पौलुस का पसंदीदा पाठ था (देखें 1 कुरि. 9:9 के संदर्भ में)। चित्रण अनाज के डंठल पर चलने वाले बैल का है जो दानों से भूसी को अलग करता है। परमेश्वर ने आदेश दिया कि यह उचित था कि दाँवते समय चलते हुए बैल को खाने की अनुमति दी जानी चाहिए। फिर भी, यह केवल सही है कि एक पुरुष (चाहे प्राचीन हो या प्रचारक) जो वचन के सुनाने और सिखाने के लिए अपना समय और ऊर्जा लगा देता है, और जब वह ऐसा करता है तो उसका समर्थन किया जाना चाहिए।

दूसरा उद्धरण लूका रचित सुसमाचार विवरण[8] (लूका 10:7; देखें मत्ती 10:10) से लिया गया है, जिसे लूका ने कुछ ही समय पहले लिखा था।[9] कुछ लोग निष्कर्ष का विरोध करते हैं जिसे पौलुस ने लूका से उद्धृत किया है; परन्तु, पौलुस और लूका के बीच घनिष्ठ सम्बन्धों पर विचार करते हुए, यह आश्चर्य की बात होगी कि लूका ने जो कुछ लिखा था पौलुस उससे परिचित नहीं था।[10] अनुच्छेद लूका 10:7 में यह सत्तर चेलों के लिए यीशु के निर्देशों का हिस्सा है। यीशु ने संकेत दिया कि जो लोग दूसरों तक सुसमाचार को ले जाते हैं उन्हें उन लोगों द्वारा समर्थन प्राप्त होना चाहिए जो सुसमाचार को प्राप्त करते हैं।

यह महत्वपूर्ण बात है कि पौलुस ने व्यवस्थाविवरण और लूका रचित सुसमाचार दोनों के लिए "पवित्रशास्त्र" शब्द को लागू किया। अनुवाद किया गया शब्द "पवित्रशास्त्र" (γραφή, *ग्राफे)* का शाब्दिक रूप से "लेखन" है, परन्तु यह शब्द "प्रेरित लेखन" के लिए आया था।[11] कलीसिया के इतिहास के शुरुआती चरण में भी, यह पहचाना गया कि जो मनुष्य को प्रेरित करता था उसे लिखा गया, वही मसीहियों के लिए पवित्रशास्त्र था (देखें 2 पतरस 3:15, 16), यहाँ तक कि पुराना नियम भी यहूदियों के लिए पवित्रशास्त्र था।

जब सभी को माना जाता है, तो वाक्यांश "दो गुने आदर" में सबसे अधिक सम्भावना सम्मान और पारिश्रमिक - आदर और मानदेय दोनों शामिल हैं। फिलिप्स का विवरण इस तरह कहता है: "प्राचीनों को . . . आदर के योग्य, और पर्याप्त मजदूरी मिलने के योग्य माना जाना चाहिए।"

उचित बर्ताव के साथ (5:19, 20)

[19]कोई दोष किसी प्राचीन पर लगाया जाए तो बिना दो या तीन गवाहों के उसको न सुन। [20]पाप करनेवालों को सब के सामने समझा दे, ताकि और लोग भी डरें।

आयत 19. प्राचीनों के प्रति सम्मान को कैसे दिखाया जा सकता है इसका एक विशिष्ट उदाहरण दिया गया है: **कोई दोष किसी प्राचीन पर लगाया जाए तो बिना दो या तीन गवाहों के**[12] **उसको न सुन।**[13] लोगों की दृष्टि में लोग, जैसे कि प्राचीनों की आलोचना और चरित्र पर दोष लगाना उनका काम होता है। उनका बचाव करने का एक तरीका है पौलुस के निर्देशों का पालन करना "कोई दोष किसी प्राचीन पर लगाया जाए तो बिना दो या तीन गवाहों के उसको न सुन।" प्राचीनों की प्रतिष्ठा और प्रभावशीलता को एक आरोप से बर्बाद किया जा सकता है।

इसका अर्थ यह नहीं है कि कई गवाहों द्वारा प्राचीन पर लगाए गए आरोप को अपने आप सच माना जाना चाहिए, परन्तु इसके लिए हमें आरोप को गम्भीरता से जानने की आवश्यकता होती है। जब दो या तीन गवाह आरोप का समर्थन करते हैं, तो यह समय सुनने का, सावधानीपूर्वक और प्रार्थनापूर्वक आरोप की जाँच करने का होता है। अन्य प्राचीनों (वचन का सुनानेवाला नहीं) को ऐसे आरोप की जाँच करने में आगे आने में ही बुद्धिमानी है। इफिसुस में इस प्रक्रिया में तीमुथियुस को जो भी भूमिका निभानी थी, हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि वह पौलुस के प्रतिनिधि के रूप में कार्य कर रहा था - जो आज हम प्रचार करने वालों के बीच सच नहीं है।

आयत 20. जाँच के बाद, यह स्पष्ट हो जाता है कि आरोप सही था। (फिर भी, हमें यह ध्यान में रखना चाहिए कि कुछ झूठे शिक्षक मण्डली में प्राचीन हो सकते हैं।) यदि आरोप साबित हो जाता था और प्राचीन अपना धीरज खो देता था, तो पौलुस ने कहा, **पाप करनेवालों को सब के सामने समझा दे, ताकि और लोग भी डरें।**

"पाप में बने रहना"[14] वाक्यांश से पता चलता है कि, बाद में अपराध में पकड़े गए भाई को पुनर्स्थापित करने का प्रयास किया जाता था, वह पश्चाताप करने के बदले अपने पाप में ही लगा रहता था। एक अन्य अनुच्छेद से संकेत मिलता है कि हमें पहले अकेले में (मत्ती 18:15), "नम्रता के साथ" (गला. 6:1; देखें 2 तीमु. 2:25) उससे मिलने जाना चाहिए। कई लोगों को अपराध में पकड़े गए भाई को सुधारने के लिए उसके साथ बातचीत करनी चाहिए (मत्ती 18:16, 17)। उसे "पहली और दूसरी चेतावनी" देने की जरूरत है (तीतुस 3:10)। फिर, यदि पश्चाताप लाने के सभी प्रयास असफल हो जाएँ, तो पौलुस ने कहा, "पाप करनेवालों को [प्राचीन को जो पाप करने में लगा रहता है] सब के सामने समझा दे।"[15]

"सब के सामने" के अर्थ के बारे में कुछ असहमति है।[16] "सब" को "सब प्राचीन" के रूप में व्याख्या किया जा सकता है, परन्तु इसकी इच्छा सम्भवतः इससे अधिक जताई गई है: "मण्डली के सब सदस्य" (देखें मत्ती 18:17)। बाद के इस विचार के पक्ष में, कुछ संस्करणों में "सार्वजनिक रूप से," "पूरी कलीसिया के सामने" बताया गया है। जॉन आर. डबल्यू. स्टॉट की सलाह अच्छी प्रतीत होती है: "यह एक सुरक्षित नियम है कि निजी पापों को निजी तौर पर निपटाया जाना

चाहिए, और केवल सार्वजनिक पाप सार्वजनिक रूप से किया जाना चाहिए। जब तक अन्य सभी सम्भावनाएँ समाप्त नहीं हो जातीं, तब तक यह सार्वजनिक नहीं है, यह न तो सही है और न ही आवश्यक है।"[17]

शब्द (ἐλέγχω, *एलेन्चो)* का अनुवाद "समझा दे" किया गया है, वह 5:1 में दिए गए "कठोरता से डाँट" (ἐπιπλήσσω, *एपिप्लेस्सो*, "डाँट," "अपमानजनक शब्द कह") के समान नहीं है। 5:20 में प्रयोग किया जाने वाला शब्द का अर्थ है "किसी के कार्य के प्रति की दृढ़ता से अस्वीकृति व्यक्त करना,"[18] परन्तु यह आयत 1 में वर्जित कठोरता से रहित है। इसे समझाने का उद्देश्य अपराध करने वाले भाई को शर्मिन्दा या परेशान करना नहीं है, परन्तु यह उसके प्राण को बचाने के प्रयास का हिस्सा है। यह दण्ड और बदला लेने के नहीं, परन्तु पश्चाताप और पुनर्स्थापना बारे में है। याकूब ने लिखा, "हे मेरे भाइयो, यदि तुम में कोई सत्य के मार्ग से भटक जाए और कोई उस को फेर लाए, तो वह यह जान ले कि जो कोई किसी भटके हुए पापी को फेर लाएगा, वह एक प्राण को मृत्यु से बचाएगा और अनेक पापों पर परदा डालेगा" (याकूब 5:19, 20)।

पौलुस ने समझाने का एक अतिरिक्त उद्देश्य इंगित किया: "ताकि और लोग भी डरें।" मूल पाठ में "ताकि और लोगों में भी डर हो [φόβος, *फोबोस]*।" कुछ का मानना है कि डर के पास परमेश्वर के बच्चे को प्रेरित करने का ऐसा कोई कारण नहीं है, परन्तु पौलुस ने स्वयं और दूसरों के संदर्भ में "डर" शब्द का उपयोग करने में संकोच नहीं किया (2 कुरि. 5:11; 7:1; इफि. 5:21)। सकारात्मक प्रेरणा (जैसे प्रेम) को हमेशा पसंद किया जाता है; परन्तु जब यह विफल हो जाता है, तो नकारात्मक प्रेरणा (जैसे डर-से डाँट उत्पन्न होना) हमें स्मरण दिलाता है कि हमें हमारे कार्यों का प्रतिफल अवश्य मिलता हैं। पौलुस के मन में कमजोर, लाचार करने वाला डर नहीं था, परन्तु विलियम बार्कले ने इसे "स्वस्थ भय" कहा।[19] जल जाने का एक स्वस्थ भय हमें आग से सुरक्षित दूरी पर रखता है, और शीघ्र और अनन्त परिणामों का स्वस्थ भय पाप के लिए एक शक्तिशाली निवारक के रूप में काम कर सकता हैं।

क्या होगा यदि एक डाँट खानेवाला पश्चाताप करने से इनकार कर देता है? पौलुस ने उस प्रश्न का उत्तर यहाँ नहीं, परन्तु उसने कहीं और दिया। उसने कुरिन्थ की कलीसिया से उस पाप करनेवाले मनुष्य को संगति से अलग करने के लिए कहा (देखें 1 कुरि. 5:4, 5, 11)। इससे पहले 1 तीमुथियुस में, पौलुस ने इस तरह के कार्य करनेवाले को शैतान को सौंपने (1:20) पर जोर दिया। तीतुस को लिखे अपनी पत्री में, पौलुस ने अपने सहकर्मी से कहा कि "किसी पाखंडी को एक दो बार समझा-बुझाकर उससे अलग रह" (तीतुस 3:10)।

पूरी संगति से अलग कर दिया जाना एक दुःखद घटना है, परन्तु यह आवश्यक है कि कलीसिया कभी भी इस धारणा को न छोड़ें कि यह पाप को स्वीकार करती है। डोनाल्ड गुथरी ने कहा, "अनुशासन के दुरुपयोग ने अक्सर कठोर और असहनीय भावना उत्पन्न की है, परन्तु इसकी अनदेखी ने लगभग उतना ही खतरा उत्पन्न किया है।"[20] डेविड लिप्सकोम्ब ने चेतावनी दी,

जब हम कलीसिया में पापों को ढँकते हैं, तो हम कलीसिया की नैतिकता और गुण को भ्रष्ट करते हैं और परमेश्वर का आदर करने या मनुष्यों को बचाने के लिए इसकी प्रभावकारिता को नष्ट करते हैं। दुष्ट शिक्षकों और बुरे लोगों का पाप सामने आना चाहिए और उन्हें कलीसिया से बाहर निकाला जाना चाहिए जिनके कारण कलीसिया भ्रष्ट हो जाता है और यीशु मसीह की कलीसिया होने के स्थान पर शैतान का एक सभास्थल बन जाता है।[21]

अब तक, हमने देखा कि तीमुथियुस को प्राचीनों से आदर और निष्पक्षता के साथ का व्यवहार करना था। ये दो शब्द - "आदर" और "निष्पक्षता" - सभी रिश्तों में महत्वपूर्ण कारक हैं। बच्चों को अपने माता-पिता का आदर करना है (लैव्य. 19:3; 1 तीमु. 3:4), और माता-पिता अपने बच्चों को समझदारी से अनुशासित करना है (इफिसियों 6:4)। पतियों को अपनी पत्नियों का आदर करना है (1 पतरस 3:7), और पत्नियों को अपने पतियों का आदर करना है (इफि. 5:33)। सेवकों को अपने स्वामियों का आदर करना था (इफि. 6:5; 1 तीमु. 6:1), और स्वामी अपने सेवकों को निष्पक्षता के साथ व्यवहार करना था (इफि. 6:9)। जब हम दूसरों को सिखाते हैं, तो हमें आदर के साथ इसे करना होता है (1 पतरस 3:15)। पतरस ने इसे इस तरह रखा: "सब का आदर करो" (1 पतरस 2:17; देखें रोमियों 13:7)। परमेश्वर ऐसा करने में हमारी सहायता करे!

पक्षपात के बिना (5:21)

[21]परमेश्वर, और मसीह यीशु और चुने हुए स्वर्गदूतों को उपस्थित जानकर मैं तुझे चेतावनी देता हूँ कि तू मन खोलकर इन बातों को माना कर, और कोई काम पक्षपात से न कर।

आयत 21. यदि तीमुथियुस डरपोक था (जैसा कि कई लोग मानते हैं), लोगों के सामने कलीसिया के अगुवों को समझाने की सम्भावना एक कठिन जिम्मेदारी, एक भयानक काम लग रहा था। शायद इसी कारण पौलुस ने इस बिंदु पर एक गम्भीर आज्ञा दिया। उसने लिखा **परमेश्वर, और मसीह यीशु और चुने हुए स्वर्गदूतों को उपस्थित जानकर मैं तुझे चेतावनी देता हूँ[22] कि तू मन खोलकर इन बातों को माना कर, और कोई काम पक्षपात से न कर।** पौलुस ने अक्सर अपनी आज्ञाओं में परमेश्वर और मसीह के नामों को शामिल किया (उदाहरण के लिए, 6:13; 2 तीमु. 4:1), परन्तु स्वर्गदूतों को शामिल करना सामान्य बात नहीं है। "चुने हुए[23] स्वर्गदूत" सम्भवतः अच्छे स्वर्गदूत हैं जो पापी स्वर्गदूतों के विपरीत कार्य करते हैं (देखें 2 पतरस 2:4; यहूदा 6)। पौलुस ने स्वर्गदूतों का उल्लेख किया है क्योंकि वह हमारी चिन्ता करता है (इब्रा. 1:14) और हम जो करते हैं उसके बारे में जानता है (1 कुरि. 4:9), या शायद उसने उन्हें अपनी शिक्षाओं को और अधिक वजन देने के लिए जोड़ा है।

आज्ञा का पहला हिस्सा तीमुथियुस के लिए पौलुस की आज्ञाओं को पूरा करने के लिए था, इससे कोई तात्पर्य नहीं है कि कार्य कितना कठिन हो सकता है। उसने उस युवा प्रचारक से कहा, "इन बातों को माना करा"[24] "माना कर" शब्द (φυλάσσω, *फ़ुलास्सो)* से आता है जिसका अनुवाद अक्सर "बनाए रख" या "रक्षा कर" किया जाता है।[25] इसका अर्थ है "व्यवस्था या आज्ञा को माना कर।"[26] एक अन्य अनुवाद में "इन नियमों को माना कर" कहा गया है।

आज्ञा का दूसरा हिस्सा निर्देशों को एक विशिष्ट तरीके से करना था। पौलुस ने तीमुथियुस को पूर्वाग्रह के बिना उसकी आज्ञाओं का पालन करने के लिए कहा, **और कोई काम पक्षपात से न कर।** "पूर्वाग्रह" और "पक्षपात" का अनुवाद करने वाले यूनानी शब्दों का अर्थ एक समान हैं। "पूर्वाग्रह" πρόκριμα *(प्रोक्रिमा)* आता है। यह προκρίνω *(प्रोक्रिनो)* से सम्बन्धित है, जो πρό (*प्रो,* "पहले [पूर्व]") और κρίνω (*क्रिनो,* "आग्रह") से मिलकर बने हैं और "पूर्वनिर्णय" से सम्बन्धित हैं।[27] "पक्षपात" πρόσκλισις *(प्रोसक्लेसिस)* से आता है, जो πρός (*प्रोस,* "की ओर") और κλίνω (*क्लिनो,* "मिला रहना") से बने हैं और की ओर पक्ष होने का विचार प्रकट करता है।[28] हम कुछ *के प्रति* या दूसरों *के लिए* आंशिक पक्षपाती नहीं हैं।[29]

शीघ्र न करना, 1 (5:22)

[22]किसी पर शीघ्र हाथ न रखना, और दूसरों के पापों में भागी न होना; अपने आप को पवित्र बनाए रख।

आयत 22. कलीसिया के अगुवे को सबके सामने समझाना एक निराश करनेवाला अवसर हो सकता है। यदि यह ठीक से नहीं किया जाता है, तो आत्माएँ खो सकती हैं और कई दशकों तक कलीसिया की वृद्धि में बाधा आ सकती है। इस निराशा से बचने का सबसे अच्छा तरीका यह है सबसे ऊँचे पद पर किसी व्यक्ति की नियुक्ति करते समय ध्यान दिया जाए कि वह अयोग्य तो नहीं है। ऐसा लगता है कि यह अध्याय 5 के आखिरी हिस्से का संदेश है। पौलुस ने तीमुथियुस से कहा, **किसी पर शीघ्र हाथ न रखना।** यहाँ पर "हाथ रखना" का अर्थ सम्भवतः वही है जो 4:14 बताता है: किसी पद पर नियुक्त करने के लिए हाथ रखना।[30] एक अन्य अनुवाद इसे "किसी का अभिषेक शीघ्र न करना" लिखता है।

"पर हाथ रखना" की तीमुथियुस की ज़िम्मेदारी की तुलना तीतुस की प्राचीनों की नियुक्ति के साथ किया जा सकता है (तीतुस 1:5)। युवा प्रचारकों के निर्देशों में पाए गए शब्दों में से कोई भी उन्हें पुरुषों का चयन करने के लिए अधिकृत नहीं करता है।[31] जबकि प्रेरितों ने भी व्यक्तिगत रूप से पहली बार चुने गए "सेवकों" का चयन नहीं किया था, परन्तु उन्होंने मण्डली के सामने योग्यताओं को रखा और उन्हें चयन करने दिया (प्रेरितों 6:1-3)। इसलिए,

आज्ञाओं का अर्थ है कि प्रचारकों को अगुवों के विकास में शामिल होना चाहिए और जिससे वे भी नियुक्ति समारोह में भागी हो सकें।

परन्तु, पौलुस ने तीमुथियुस को चेतावनी दी कि उसे और अधिक प्राचीनों की नियुक्ति करने में शीघ्रता नहीं करनी चाहिए। यह चेतावनी विशेष रूप से उन लोगों के लिए जरूरी है जो नई मण्डलियों को शुरू करते हैं। उन्हें शीघ्र अतिशीघ्र "पूर्ण संगठित" कलीसिया को देखने की इच्छा हो सकती है। शायद कुछ लोग इस प्रक्रिया को जल्दी करते हैं ताकि वे कलीसिया को प्राचीनों के हाथों में छोड़ सकें ताकि वे एक और नया काम शुरू करने के लिए आगे बढ़ें। पौलुस ने कहा कि यदि हम "किसी पर शीघ्र हाथ रखते हैं," तो हम **दूसरों के पापों में भागी होते हैं।** दूसरे शब्दों में, यदि हम अयोग्य पुरुषों को प्राचीनों के समूह का हिस्सा बनने देने के जिम्मेदार हैं, तो उनके द्वारा उत्पन्न की जाने वाली समस्याओं के लिए हम भी दोषी ठहरे जाएँगे।

पौलुस ने तीमुथियुस को सलाह दी, **अपने आप को पवित्र बनाए रख।** "पवित्र बनाए रख" का अनुवाद "पवित्र" (ἁγνός, *हगनोस)* शब्द से किया गया है।[32] तीमुथियुस को अपने आपको पवित्र रखने का एक तरीका था कि वह प्राचीनों के शीघ्र चयन और नियुक्ति से बचे।

व्यक्तिगत टिप्पणी (5:23)

[23]भविष्य में केवल जल ही का पीनेवाला न रह, पर अपने पेट के और अपने बार-बार बीमार होने के कारण थोड़ा-थोड़ा दाखरस भी काम में लाया कर।

आयत 23. यह हमारे लिए एक उलझन उत्पन्न करनेवाली आयत है: **भविष्य में केवल जल ही का पीनेवाला न रह,[33] पर अपने पेट के और अपने बार-बार बीमार होने के कारण थोड़ा-थोड़ा दाखरस भी काम में लाया कर।** गॉर्डन डी. फी ने इस आयत को "एक बड़ी पहेली" कहा।[34] जेम्स मोफट ने इसे अपने अनुवाद करने से छोड़ा[35] और इस तरह के प्रश्न पूछे गए: "पौलुस को इन शब्दों को यहाँ सम्मिलित करने के लिए किस बात ने प्रेरित किया?" और "यह आयत पहले के और बाद के आयतों से कैसे सम्बन्धित है?" डॉन डीवेल्ट ने ध्यान दिया, "इस आयत का संदर्भ के साथ सम्बन्ध को दिखाने में टिप्पणीकार लगभग पूरी तरह से असफल रहे हैं।"[36]

शायद तीमुथियुस के लिए पौलुस का ध्यान 5:22 में स्वयं को पवित्र रखने के सुझाव ने प्रेरित किया कि युवा प्रचारक को स्वयं को *स्वस्थ* रखने की भी आवश्यकता है - और इसलिए उसने उसे यह चिकित्सा सलाह दी गई। यह भी सम्भव है कि, जैसे पौलुस ने तीमुथियुस के कर्तव्यों को रेखांकित किया, जिसने उसे यह सोचने के लिए विवश किया कि यह युवा तीमुथियुस पर कितना मुश्किल होगा, जिसका पेट अक्सर खराब रहता था, इसलिए उसने इस व्यावहारिक कार्य की सलाह दी। सम्भवतः, यह एक सामान्य बात है जो

व्यक्तिगत पत्र में होती है। जैसे पौलुस ने पत्र को लिखने का आदेश दिया, और उसने अचानक कुछ ऐसा सोचा जो वह तीमुथियुस को बताना चाहता था - इसलिए उसने उसे बताया। ऐसा करने के बाद, उसने अपनी सोच की प्रक्रिया को फिर से आगे बढ़ाया।

पक्षसमर्थक विलियम पाले ने इस आयत को पत्री की वास्तविकता के प्रमाण के रूप में उद्धृत किया।[37] एच. डी. एम. स्पेंस ने आयत 23 का प्रयोग इसी बात को बताने के लिए किया था:

> जो लोग तर्क देते हैं कि यह पत्री सन्त पौलुस के बाद के समय की कृत्रिम रचना थी . . . इस तरह की आज्ञा के पाए जाने से इसके विवरण में कोई कठिनाई नहीं है। वास्तव में, यह केवल इस प्रकृति पर समझाया जा सकता है कि पत्री सचमुच सन्त पौलुस द्वारा तीमुथियुस को लिखा गया था . . . । दूसरी या तीसरी शताब्दी के किसी भी कलीसिया में वचन के सुननेवाले ने सपना नहीं देखा होगा, या फिर, क्या उसने सपना देखा होगा, जिसने इस तरह की एक पत्री के जटिल विवरण देने में बातों को [इस] तरह की आज्ञा को बताने की हिम्मत दिखाई होगी।[38]

आयत 23 तीमुथियुस के बारे में विवरण देता है कि हमें और कहीं नहीं मिलता। सबसे पहले, हम सीखते हैं कि उसे स्वास्थ्य सम्बन्धित समस्याएँ थीं: पेट की समस्याएँ और अन्य बीमारियाँ।[39] जब हमें याद होता है कि पौलुस स्वयं एक शारीरिक बीमारी से पीड़ित है जिसे उसने "शरीर में एक काँटा" कहा (2 कुरि. 12:7), हम और भी सराहना करते हैं उनके और उनकी टीम के लिए डॉ. लूका के पास एक यात्रा साथी के रूप में कितना फायदेमंद था।

दूसरा, हम सीखते हैं कि तीमुथियुस को अल्कोहल वाले पेय पदार्थों से पूरी तरह से परहेज था। कुछ लेखकों ने तीमुथियुस को नोस्टिक शिक्षकों से अल्कोहल में अपना अपमान करने का आरोप लगाया (देखें कुलु. 2:20-23)। अन्य सुझाव देते हैं कि उसने यूनानी पिता (देखें प्रेरितों 16:1) के कारण यूनानी वैराग्यवाद को अपनाया। इसकी अधिक सम्भावना है कि वह शास्त्रों के उदाहरणों से प्रभावित था। उदाहरण के लिए, मिलापवाले तम्बू में सेवा करते समय याजक को "दाखमधु और किसी प्रकार का मद्य" (लैव्य. 10:8-11) का सेवन नहीं करना था। जो लोग नाज़ीरी शपथ लेते थे वे "दाखमधु और किसी प्रकार का मद्य के सेवन से" या "दाख से बनी किसी भी पेय पदार्थ के" (गिनती 6:1-4) सेवन से बचना था। इसमें यीशु के अग्रदूत, यूहन्ना बपतिस्मा देनेवाला (लूका 1:12-15) शामिल था।[40]

पौलुस ने तीमुथियुस को सामाजिक स्तर पर पीने से छोड़ने के लिए मना नहीं किया, परन्तु उसने सिफारिश की कि वह औषधीय उद्देश्यों के लिए थोड़ी सी शराब का उपयोग करे।[41] शायद अशुद्ध पानी तीमुथियुस की पेट की समस्याओं को बढ़ा रहा था। यदि ऐसा है, तो शराब पानी की अशुद्धियों को दूर करेगा। शराब में भी औषधीय गुण हो सकते हैं। "यूनानी चिकित्सक गैलन, पेट

की समस्या के लिए दवा के रूप में खट्टा शराब लेने का एक नुस्खा देते हैं।"[42] हमें याद रखना चाहिए कि यह विशेष बीमारी (एक अपरिभाषित पेट की समस्या) के लिए विशेष व्यक्ति को विशेष (प्रेरित करनेवाली) सलाह थी। अच्छे स्वास्थ्य को प्राप्त करने के लिए शराब पीने के लिए तीमुथियुस को दिए पौलुस के कथन को सार्वभौमिक सलाह नहीं माना जाना चाहिए।

प्राचीनों के साथ व्यवहार करने के विषय में आयत 23 से सम्बन्धित एक तरीका है 1 तीमुथियुस में एक और विषय पर ध्यान देना: दूसरों से व्यवहार करने से पहले, हमें पहले अपना ख्याल रखना चाहिए (देखें 4:16)। "सेवकाई में लोग पूरे तन मन से कार्य करते हैं, और . . . मानसिक, भावनात्मक, आत्मिक, और शारीरिक रोग वाले क्षेत्रों में प्रभावशीलता पर अपना व्यय करते हैं।[43]

फुर्ती न कर, 2 (5:24, 25)

[24]कुछ मनुष्यों के पाप प्रगट हो जाते हैं और न्याय के लिए पहले से पहुँच जाते हैं, पर कुछ के पीछे से आते हैं। [25]वैसे ही कुछ भले काम भी प्रगट होते हैं; और जो ऐसे नहीं होते, वे भी छिप नहीं सकते।

आयतें 24, 25. इन आयतों को उनके स्वयं के द्वारा प्राचीन सत्य की अभिव्यक्ति के रूप में माना जा सकता है "जान रखो कि तुम को तुम्हारा पाप लगेगा" (गिनती 32:23)। लिखा गया है, **कुछ मनुष्यों के पाप प्रगट हो जाते हैं और न्याय के लिए पहले से पहुँच जाते हैं, पर कुछ के पीछे से आते हैं। वैसे ही कुछ भले काम भी प्रगट होते हैं; और जो ऐसे नहीं होते, वे भी छिप नहीं सकते।** यदि हमारे पाप हमें इस जीवन में पाप नहीं लगेगा, वे न्याय के दिन में प्रगट होंगे। "क्योंकि अवश्य है कि हम सब का हाल मसीह के न्याय आसन के सामने खुल जाए, कि हर एक व्यक्ति अपने अपने भले बुरे कामों का बदला जो उसने देह के द्वारा किए हों पाए" (2 कुरि. 5:10)।

परन्तु, सम्भवतः, पौलुस ने अपनी सलाह दोबारा शुरू कर दी थी कि "शीघ्र" (5:22) पुरुषों को नियुक्त न करें। ये दो आयत हैं जिन्हें स्टॉट "हिमशैल सिद्धान्त" कहता है। उन्होंने कहा कि "एक व्यक्ति के दस में से नौ बातें दृश्य से छिपे होते हैं . . . । आकर्षक व्यक्तित्वों में अक्सर छिपी हुई कमजोरियाँ होती हैं, जबकि अनाकर्षक लोगों के पास अक्सर छिपी ताकत होती है।"[44] 24 और 25 आयतों का संदेश ऐसा लगता है कि, यदि कोई मण्डली में चयन करने और पुरुषों की नियुक्ति में उनके अगुवा होने के लिए कुछ समय लगाता है, तो अपने आप उम्मीदवारों के सच्चे स्वभाव को दिखाने की सम्भावना अधिक होती है।

आयत 24 इस प्रस्ताव के नकारात्मक पहलू को बताती है: "कुछ मनुष्यों के पाप प्रगट हो जाते हैं और न्याय के लिए पहले कुछ के पीछे से आते हैं।" इनके अनुसार, वे बिना किसी प्रश्न के अगुवा बनने के अयोग्य हैं। "पर कुछ के [जबकि,] पीछे से आते हैं।" इनके पाप स्पष्ट नहीं हैं। ये मनुष्य अपनी गलतियों को छिपाने

के दौरान एक अच्छा प्रभाव बनाने में सक्षम हो सकते हैं। शायद उन्हें व्यक्तित्व के सम्बन्ध में सुखद प्रतीत होता है और वे जानते हैं कि सही बातों को कैसे कहें। परन्तु, यदि मण्डली उन्हें नियुक्त करने में शीघ्रता नहीं कर रही है, तो उनके पाप धीरे-धीरे स्पष्ट हो सकते हैं, जिससे यह स्पष्ट हो जाता है कि वे परमेश्वर की कलीसिया में नेतृत्व करने के लिए अयोग्य हैं। इन "छिपे हुए पापों" में से "डियोट्रेफेस सिंड्रोम" हो सकता है: शीर्ष पर बने रहने की इच्छा रखना, हमेशा अपने तरीकों पर जोर देना (3 यूहन्ना 9; देखें 1 तीमु. 3:3)।

आयत 25 सकारात्मक पहलू को बताता है: "वैसे ही कुछ भले काम भी प्रगट होते हैं; और जो ऐसे नहीं होते, वे भी छिप नहीं सकते।" कुछ पुरुष इसके कुछ कुछ बात में अच्छे होते हैं, और इसके बारे में थोड़ा संदेह होता है - परन्तु अच्छे पुरुष भी होते हैं जो सुर्खियों में आने से बचते हैं, जो अपने भले कामों को चुपचाप और प्रशन्सा न चाहते हुए करते हैं। अन्त में, इस पिछले समूह के भले काम "छिप नहीं सकते" परन्तु प्रगट हो जाते हैं।

गुथरी ने ध्यान दिया कि, यदि कुछ और नहीं, आयत 24 और 25 "परमेश्वर के काम के लिए उपयुक्त उम्मीदवारों को चुनने में बड़ी कठिनाइयों" को प्रदर्शित करते हैं।[45] परमेश्वर हमारी उन्नति, और अगुवा होने के लिए मनुष्यों के चुनाव और उनकी नियुक्ति में हमारी मण्डलियों के साथ रहें!

अनुप्रयोग

प्राचीनों के लिए आदर और उत्साह (5:17)

"प्राचीनों को मानदेय दिए जाने वाले" विचार कुछ लोगों को विचित्र लग सकता है, परन्तु यह एक पवित्र शास्त्रपरक विचार है और हमारे बीच अधिक आम होना चाहिए। प्रचारकों के अलावा जो प्राचीनों के भाग के रूप में भी काम करते थे, मैं ऐसे कई प्राचीनों को जानता हूँ जिनका कार्यकाल समाप्त होने पर भी उन्हें मण्डली की ओर से कुछ मुआवजा मिलता था।

चाहे हम किसी प्राचीन को मानदेय दें या नहीं, एक ऋण है जो हम सभी के लिए देय है "जो अच्छा प्रबन्ध करते हैं" और यह हमारा सम्मान है। पौलुस की थिस्सलुनीकियों की पहली पत्री में, उसने लिखा, "हे भाइयो, हम तुम से विनती करते हैं कि जो तुम में परिश्रम करते हैं, और प्रभु में तुम्हारे अगुवे हैं, और तुम्हें शिक्षा देते हैं, उनका सम्मान करो। और उनके काम के कारण प्रेम के साथ उनको बहुत ही आदर के योग्य समझो। आपस में मेलमिलाप से रहो" (1 थिस्स. 5:12, 13)। इब्रानियों में, हम पढ़ते हैं, "अपने अगुवों की आज्ञा मानो और उनके अधीन रहो, क्योंकि वे उनके समान तुम्हारे प्राणों के लिए जागते रहते हैं जिन्हें लेखा देना पड़ेगा; वे यह काम आनन्द से करें, न कि ठंडी साँस ले लेकर, क्योंकि इस दशा में तुम्हें कुछ लाभ नहीं" (इब्रा. 13:17)।

प्राचीनों का कार्य हमेशा कठिन होता है, अक्सर गलत समझा जाता है, और सामान्यत: उनकी प्रशंसा नहीं की जाती। आइए हम अपने अगुवों को प्रोत्साहित

और मजबूत करने के लिए वह सब कुछ करें जो हम कर सकते हैं।

पक्षपात के विरुद्ध चेतावनी (5:21)

मित्र बनाना स्वाभाविक है; हम सभी दूसरों की तुलना में कुछ लोगों के करीब महसूस करते हैं। यहाँ तक कि यीशु के पास उनके बारह चेले थे और परन्तु तीन उसके बहुत करीब थे। सम्भवतः, हम दूसरों की तुलना में कुछ प्राचीनों के प्रति अधिक ध्यान देते हैं। जब ऐसा होता है, तो हम किसी प्राचीन के यदि हम उसे पसंद करते हैं सबसे उत्तम होने पर और किसी प्राचीन के यदि हम उसपर ध्यान नहीं देते हैं सबसे बुरे होने पर विश्वास करने के लिए पूर्वनिर्धारित हो सकते हैं। पौलुस ने तीमुथियुस को गम्भीरता से आज्ञा दी कि उनके जाल में न फँस सके। उसने उससे आग्रह किया, "मन खोलकर इन बातों को माना कर, और कोई काम पक्षपात से न कर।"

पक्षपात और असमान बर्ताव करना संसार में बड़ी बुराई को उत्पन्न करता है, और इसे स्पष्ट रूप से कलीसिया से अधिक और कहीं नहीं देखा जा सकता है। हमारा परमेश्वर "पक्षपात दिखाने के लिए नहीं है" (प्रेरितों 10:34), और वह हमें आज्ञा देता है कि "कोई काम पक्षपात से न कर।" उसने कहा, "पर यदि तुम पक्षपात करते हो तो पाप करते हो; और व्यवस्था तुम्हें अपराधी ठहराती है" (याकूब 2:1, 9)।

समाप्ति नोट्स

[1]अध्याय 5 की शुरुआत में, *प्रेस्बुटेरोस* का प्रयोग "बूढ़े मनुष्य" (5:1) के लिए गैर-तकनीकी अर्थ में किया जाता है। [2]यूनानी पाठ में "शब्द में" (ἐν λόγῳ, *एन लोगो)* लिखा गया है। [3]कुछ लोगों ने "प्रबन्ध करनेवाले प्राचीनों" और "सिखानेवाले प्राचीनों" के बीच अन्तर करने का प्रयास किया है, परन्तु शास्त्रों में ऐसा कोई भेद नहीं मिल पाया है। [4]एक समान स्थिति मौजूद होती है जब एक मण्डली के प्रचारक एक प्राचीन होने के योग्य होते हैं और सदस्यों द्वारा उनके प्राचीनों में से एक होने के लिए चुना जाता है। [5]वाल्टर बाऊर, *अ न्यू ग्रीक-इंग्लिश लेक्सिकन ऑफ द न्यू टेस्टामेंट एण्ड अदर अर्ली क्रिश्चियन लिटरेचर,* तीसरा, रिवाइज्ड एण्ड एडिटेड फ्रेडरिक विलियम डैनकर (शिकागो: शिकागो यूनिवर्सिटी ऑफ प्रेस, 2000), 558; डब्ल्यू. ई. वाइन, मेरिल एफ. अंगर, एण्ड विलियम व्हाइट, जूनियर, *वाइन्स कम्पलीट एक्सपोजिटरी डिक्शनरी ऑफ ओल्ड एण्ड न्यू टेस्टामेन्ट वर्ड्स* (नैशविले: थॉमस नेल्सन पब्लिशर्स, 1985), 349. [6]ग्रीक शब्द *टीमे* और *टीमाओ* हमेशा आर्थिक सहायता के विचार को शामिल नहीं करते हैं (1 तीमु. 6:1), परन्तु कभी-कभी वे करते हैं। [7]वाइन, अंगर, एण्ड व्हाइट, 181. [8]कुछ सुझाव देते हैं कि पौलुस और लूका ने इसे एक सामान्य स्रोत से उद्धृत किया था। जबकि, पौलुस ने लूका से उद्धृत किया था इसकी सम्भावना अधिक है। [9]लूका की और प्रेरितों की पुस्तकें शायद रोम में पौलुस की पहली कारावास के दौरान पूरी हुईं, जबकि पौलुस ने तीमुथियुस की पहली पत्री अपने शहर में बन्दी बनाए जाने से रिहा होने के बाद लिखा था। (डेविड एल. रोपर, *एक्ट्स 1-14,* द्रुथ फॉर टुडे कॉमेन्टरी [सरसी, आर्क.: रिसोर्स पब्लिकेशन, 2001], 12-13.) [10]यह भी सम्भव है कि पौलुस के पास लूका के लेखन की अपनी प्रति थी (देखें 2 तीमु. 4:13 पर टिप्पणियाँ)।

[11]देखें 2 तीमुथियुस 3:16, 17 पर टिप्पणियाँ। [12]"लगाए गए" एक संयुक्त शब्द, παραδέχομαι *(पाराडेचोमाई)* से आता है, जो शब्द "लगाए गए" (δέχομαι, *डेचोमाई)* को

सम्बन्धसूचक (παρά, *पारा)* के साथ मजबूत करता है। [13]किसी मामले का अन्त करने के लिए दो या तीन गवाहों की आवश्यकता के सिद्धान्त पुराने और नए दोनों नियमों में पाया जाता है (व्यवस्थाविवरण 17:6; 19:15; मत्ती 18:16; 2 कुरिन्थियों 13:1)। [14]क्रिया (ἁμαρτάνοντας, *हमार्टानोन्टास)* का अनुवाद "पाप करनेवालों को" वर्तमान काल में है, जो कार्य के जारी होने का संकेत देता है (जैसा अनुवाद दिखाता है)। [15]1 तीमुथियुस 5:20 को कुछ प्रचारकों ने लोगों को सब के सामने (मंच से) समझाने के लिए लाइसेंस के रूप में लिया है जो विश्वास करते हैं कि वे पाप कर रहे हैं। यह अनुच्छेद व्यक्तिगत विरोधाभास नहीं, पर सामूहिक कार्रवाई को अधिकृत करता है। [16]यूनानी में "सब के सामने" लिखा गया है। [17]जॉन आर. डब्ल्यू. स्टॉट, *गार्ड द ट्रुथ: द मेसेज ऑफ 1 तिमोथी एण्ड टाइटस,* द बाइबल स्पीक्स टुडे (डाउनर्स ग्रोव, इलिनोय: इंटरवर्सिटी प्रेस, 1996), 139. [18]बाऊर, 315. [19]विलियम बार्कले, *द लेटर्स टू तिमोथी, टाइटस, एण्ड फिलेमोन,* रिवाइज्ड एडिशन, द डेली स्टडी बाइबल (फिलाडेल्फिया: वेस्टमिनिस्टर प्रेस, 1975), 115. [20]डोनाल्ड गुथरी, *द पास्टोरल एपिसल्स,* रिवाइज्ड एडिशन, द टिंडेल न्यू टेस्टामेन्ट कॉमेन्टरीस (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: विलियम बी. एर्डमैन्स पब्लिशिंग कं., 1990), 118.

[21]डेविड लिप्सकोम्ब एण्ड जे. डब्ल्यू. शेफर्ड, *अ कॉमेन्टरी ऑन द न्यू टेस्टामेन्ट एपिसल्स,* वॉल्यूम 5 (नैशविले: गॉस्पेल एडवोकेट कं., 1942), 173. कलीसिया अनुशासन के अनुच्छेद में मत्ती 18:15-18; रोमियों 16:17; 1 कुरि. 5; 2 कुरि. 2:6-11; 2 थिस्स. 3:6, 14, 15 सम्मिलित हैं। [22]"चेतावनी देता हूँ" की अभिव्यक्ति का प्रयोग 2 तीमुथियुस 4:1 में भी किया गया है। [23]यूनानी शब्द (ἐκλεκτός, *एक्लेटोस)* "चुने हुए" का अनुवाद "चयन किए गए" या "चुने हुए" भी किया गया प्रदान किया जा सकता है। 2 तीमुथियुस 2:10 में इसका अनुवाद "चुने हुए" किया गया है। [24]"इन सिद्धान्तों" के बदले, यूनानी पाठ में "इन बातों" लिखा गया है। [25]वाइन, अंगर, एण्ड व्हाइट, 340. [26]बाऊर, 1068. [27]वाइन, अंगर, एण्ड, व्हाइट, 483. [28]उपरोक्त., 460. [29]वॉरेन डब्ल्यू. वाईर्सबे, *द बाइबल एक्सपोज़िशन कॉमेन्टरी: न्यू टेस्टामेन्ट,* वॉल्यूम 2 (व्हीटन, इलिनोय: विक्टर बुक्स, 1989), 233. [30]देखें 1 तीमुथियुस 4:14. कुछ लोगों का मानना है दण्ड वापस पाने के लिए यह एक समारोह का संकेत देता है, परन्तु इस तरह का अभ्यास "लेखक के समय के सौ से अधिक वर्षों बाद तक प्रमाणित नहीं किया गया है" (ए. टी. हैनसन, द पास्टोरल एपिसल्स, द न्यू सेन्चूरी बाइबल कॉमेन्टरी [ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: विलियम बी. एर्डमैन्स पब्लिशिंग कं., 1982], 103**).**

[31]पौलुस की प्राचीनों की "नियुक्ति" के बारे में एक चर्चा प्रेरितों 14:23 में दी गयी है, इन रोपर, *एक्ट्स 1-14, 527-31, 536-37.* [32]*हगनोस* एक ही मूल ἅγιος (*हगिओस,* "पवित्र") से आता है। (वाइन, अंगर, एण्ड, व्हाइट 498; बाऊर, 13.) [33]कुछ अनुवादकों द्वारा "विशेष रूप से सम्मिलित है" जोड़ा गया है। यह शब्द मूल पाठ में नहीं पाया जाता है, परन्तु अधिकांश संस्करण कुछ योग्यता प्रदान करते हैं (आमतौर पर "केवल" शब्द को जोड़कर)। [34]गॉर्डन डी. फी, *1 एण्ड 2 तिमोथी, टाइटस,* अ गुड न्यूज कॉमेन्टरी (सैन फ्रांसिस्को: हार्पर एण्ड रो, 1984), 87. [35]जेम्स मोफैट ने इस आयत को एक फुटनोट में रखा और समझाया कि ये शब्द "या तो एक मामूली कथन है या गलत स्थान पर रखा गया है" (जेम्स मोफैट, द *बाइबल:* अ न्यू ट्रान्सलेशन [न्यूयॉर्क: हार्पर एण्ड ब्रदर्स, 1954], 265). [36]डॉन डीवेल्ट, *पॉल्स लेटर्स टू तिमोथी एण्ड टाइटस,* बाइबल स्टडी टेक्स्टबुक (जोप्लिन, मिस्सौरी: कॉलेज प्रेस, 1961), 107. [37]विलियम पाले, *होरे पॉलीना* (लंदन: लोंगमैन, ओर्मे, ब्राउन, ग्रीन, & लॉन्गमैन्स, 1840), 172. पाले (1743-1805) एक अंग्रेजी पादरी और मसीही पक्षसमर्थक थे। [38]एच. डी. एम. स्पेंस, "दि एपिसल्स टू तिमोथी एण्ड टाइटस," इन *एलिसॉट्'स बाइबल कॉमेन्टरी,* वॉल्यूम 8 (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: ज़ोंडर्वन पब्लिशिंग हाउस, 1959), 207. [39]तीमुथियुस के बीमार होने के बावजूद पौलुस के पास चंगा करने का वरदान था, देखें 2 तीमु. 4:20. [40]तीमुथियुस भी रेकाबियों की कहानी से प्रभावित हो सकता था, जिन्होंने कभी दाखमधु नहीं पीया (यिर्मयाह 35:6, 8)। आज, कुछ लोग (मुझ सहित) शराब नहीं पीते हैं क्योंकि इस सेवन से समाज पर असर पड़ता है (देखें रोमियों 14:21).

[41]यह इंगित करता है कि बाइबिल दवाई के विरुद्ध नहीं है (टिप्पणी 2 तीमु. 4:20). [42]जे. डब्ल्यू. रॉबर्ट्स, *लेटर्स टू तिमोथी*, द लिविंग वर्ड (ऑस्टिन, टेक्सस: आर. बी. स्वीट कं., 1964), 61. गैलन (c 130-c 200 ई.) हिप्पोक्रेट्स (460-370 इ.पू.) द्वारा बनाई गई नींव पर रखा गया था और चिकित्सा विज्ञान में एक बड़ी खोज हुई। [43]ब्रूस बी. बार्टन, डेविड आर. वीरमैन, एण्ड नील विल्सन, *1 तिमोथी, 2 तिमोथी, टाइटस,* लाइफ एप्लीकेशन बाइबल कॉमेन्टरी (व्हीटोन, इलिनोय: टिंडेल हाउस पब्लिशर्स, 1993), 113. [44]स्टॉट,141. [45]गुथरी,121.